बरेली, शनिवार
26 जुलाई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण inext



# एसआरएमएस में हुआ पहला लिवर बाइपास



मौजूद रहे डाक्टर्स और टीम मेंबररहा.

**BAREILLY (25 July):** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में छह माह से अधिक समय से जलोदर (पेट में तरल पदार्थ के जमाव) की समस्या से पीड़ित 44 वर्ष नैनीताल निवासी राम सिंह का सफल लिवर बाइपास उपचार हुआ. गैस्ट्रोएंटेरोलाजिस्ट डा. शिवम गुप्ता और इंटरवेंशनल रेडियोलाजिस्ट डा. नम्रता सिंह ने दावा किया कि एनेस्थीसिया विभाग, क्रिटिकल केयर और मेडिसिन विभाग के सहयोग से 13 जुलाई को उन्होंने रुहेलखंड क्षेत्र का पहला ट्रांसजुगुलर इंट्रा हैपेटिक पोर्टो सिस्टमिक शंट (टिप्स) या लिवर बाइपास प्रोसीजर किया. दो दिन निगरानी में रखने के बाद मरीज को घर भेज दिया गया. राम सिंह को लंबे समय से पेट की समस्याएं थीं. थकान, जी मिचलाना, उल्टी और उल्टी में खून निकलना, पानी बनने से पेट का फूलना, पैरों में सूजन जैसी तकलीफ के इलाज के लिए करीब छह माह पहले उन्हें हल्द्वानी में दिखाया गया.